जागरण

बरवाअड्डा से नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश

Publish Date:Sun, 22 Sep 2019 07:45 PM (IST)

बरवाअड्डा बरवाअड्डा पुलिस ने शनिवार की रात पारघो गांव में बासु सोरेन के घर में संचा

बरवाअड्डा : बरवाअड्डा पुलिस ने शनिवार की रात पारघो गांव में बासु सोरेन के घर में संचालित नकली शराब की मिनी फैक्ट्री पर धावा बोला। वहां से भारी मात्रा में नकली शराब जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत सात लाख रुपये है। डीएसपी सरिता मुर्मू ने बताया कि पारघो में पहले भी अवैध नकली शराब तैयार करने की मिनी फैक्ट्री पकड़ी गई थी। सूचना मिली कि अब उसी गांव में झरिया निवासी शिवजी यादव व उसके पुत्र दीपक यादव ने बासु सोरेन के घर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री खोल दी है। इसके बाद बरवाअड्डा थाना प्रभारी ज्योतिष जायसवाल ने सअनि सतीश सिंह, सअनि त्रिलोकीनाथ सिंह के साथ कार्रवाई करते हुए बासु सोरेन के घर छापामारी की। छापामारी में बासु सोरेन के घर से विभिन्न ब्रांडों की नकली शराब की बोतलें, रेपर, दो बोरा बोतलों के ढक्कन, भारी मात्रा में खाली बोतल, कार्टून और 20 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया। पुलिस ने बासु सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। उसने पुलिस को बताया कि शिवजी यादव ने छह हजार रुपया मासिक किराया पर उसका घर भाड़ा पर लिया था। पुलिस ने शिवजी यादव व उसके पुत्र दीपक यादव पर नकली शराब बनाने व बेचने का मामला दर्ज कर लिया है। शिवजी यादव पर बरवाअड्डा समेत अन्य थानों में नकली शराब बनाने व बेचने के कई मामले पहले से दर्ज हैं।

Posted By: **Jagran**

Source : https://www.jagran.com/jharkhand/dhanbad-illegal-liquor-19603093.html